दिनांकः 07.03.2026 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

कोटा–बूंदी ग्रीन फील्ड हवाई अड्डे का आज शिलान्यास किया जा रहा है। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू कोटा पहुंच गये हैं। ये कार्यक्रम शंभुपुरा स्थित ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट स्थल पर आयोजित किया जा रहा है। करीब 15 सौ करोड़ रुपये अधिक की लागत से इस एयरपोर्ट का निर्माण किया जाएगा। इस एयरपोर्ट पर लगभग 3200 मीटर लम्बा और 45 मीटर चौड़ा रनवे बनाया जाएगा। इस पर 1 हजार यात्रियों की क्षमता होगी। एयर कनेक्टिविटी से जुड़ने के बाद क्षेत्र का बेहतर विकास होगा। वहीं समारोह में महत्वाकांक्षी नौनेरा तथा परवन–अकावद वृहद् पेयजल परियोजना के लिए भूमि पूजन भी किया जाएगा।

....

घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की कीमत आज से 60 रुपये बढ़ गई है। यह दर महानगरों में लागू होगी। व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में भी 115 रुपये की बढ़ाए गये हैं।

....

इस्राएल–ईरान संघर्ष के बीच कुछ समाचारों चैनलों की ओर से अनावश्यक सनसनीखेज और अटकलबाजी वाली सामग्री प्रदर्शित करने पर सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने कड़ा कदम उठाया है। मंत्रालय ने ब्रॉडकास्ट ऑडियंस रिसर्च काउंसिल को समाचार चैनलों की टेलीविजन रेटिंग पॉइंट्स–टी.आर.पी. की रिपोर्टिंग को चार सप्ताह के लिए तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिये हैं। मंत्रालय ने कहा कि इस तरह की कवरेज से लोगों में दहशत फैल सकती है। निलंबन चार सप्ताह तक या अगले आदेश तक लागू रहेगा।

....

आज जन औषधि दिवस है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अवसर पर सोशल मीडिया पोस्ट में बधाई दी है। श्री मोदी ने कहा कि इस परियोजना से अनगिनत परिवारों के इलाज के ख़र्च में बचत हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार किफायती कीमतों पर गुणवत्ता वाली दवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

....

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कल मनाया जाएगा। हर साल 8 मार्च को पूरी दुनिया में ये दिन मनाया जाता है। इसे महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक उपलब्धियों का जश्न तथा लैंगिक समानता की दिशा में बढ़ने के महत्वपूर्ण मंच माना जाता है।
राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कल नई दिल्ली में एक कार्यक्रम को संबोधित करेंगी। महिला और बाल विकास मंत्रालय के इस आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों से लगभग एक हजार महिलाएं भाग लेंगी। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नई दिल्ली में शक्ति वॉक का भी होगा। इस अवसर पर प्रदेश में भी अनेक आयोजन रखे गये हैं। राज्य स्तरीय समारोह हनुमानगढ़ में रखा गया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का भी इसमें शिरकत करने का कार्यक्रम है।
अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर राजस्थान रोड़वेज की ओर से हर साल की तरह इस बार भी महिलाओं को मुफ्त यात्रा की सौगात दी गई है। रोड़वेज प्रशासन की ओर से इस बारे में आदेश जारी किये गये हैं। महिलाएं आज मध्य रात्रि से कल मध्य रात्रि प्रदेश की सीमा में रोड़वेज की बसों में निःशुल्क यात्रा कर सकेंगी।
वहीं 'राष्ट्रीय महिला आयोग आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत 9 मार्च को जयपुर में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम रखा गया है। राजस्थान पुलिस अकादमी में होने वाली इस जनसुनवाई में आयोग की अध्यक्ष विजया राहटकर महिलाओं की शिकायतें और समस्याएं सुनेंगी।

....

जोधपुर के डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय में अगले सत्र से वृद्धावस्था देखभाल पाठ्यक्रम शुरू किया जा रहा है। आज के समय में एकल परिवारों के बढ़ते चलन और बुजुर्गों की देखभाल की जरूरत को ध्यान में रखते हुए ये पाठ्यक्रम तैयार किया गया है। हमारे जोधपुर संवाददाता ने बताया कि इसका उद्देश्य बुजुर्गों की देखभाल के क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है।

....

....

सेना की सप्त शक्ति कमान की ओर से चूरू में कल गौरव सेनानी समारोह आयोजित किया जा रहा है। इसमें 6 हजार से अधिक पूर्व सैनिक शामिल होंगे। सप्त शक्ति कमान के आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह भी कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। इसमें पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और वीरांगनाओं के लिए मेगा मेडिकल कैम्प भी रखा गया है। इसके साथ ही पूर्व सैनिकों को रोजगार के अवसर भी उपलब्ध करवाने के प्रयास किये जाएंगे।

....